# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–05.09.2025 (संध्या–1900 बजे)

## मुख्य समाचार

1. **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शिक्षक दिवस पर झारखंड की शिक्षिका श्वेता शर्मा समेत छियासठ शिक्षकों को किया सम्मानित, कहा– बेटियों की शिक्षा और स्मार्ट शिक्षक से भारत बनेगा ज्ञान महाशक्ति।**
2. **राजधानी रांची समेत राज्यभर में शिक्षक दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन, रांची में राज्यस्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन, 128 शिक्षकों का हुआ सम्मान।**
3. **धनबाद के बीसीसीएल स्थित खनन क्षेत्र में भू–धसान, सर्विस वैन खाई में गिरी, एक मजदूर का शव बरामद, राहत और बचाव कार्य जारी।**
4. **पलामू में नक्सली मुठभेड़ में शहीद जवान की राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि, नम आंखों से लोगों ने दी विदाई।**
5. **राज्यभर में धूमधाम से मना ईद मिलाद–उन–नबी का त्योहार, निकाले गए जुलूस, अकीदतमंदों ने नमाज अदा कर पैगंबर मोहम्मद को जन्मदिन पर किया याद।**

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज नई दिल्ली में शिक्षक दिवस पर देवघर जिले की शिक्षिका श्वेता शर्मा समेत देशभर के छियासठ शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने शिक्षकों की भूमिका को भारत के भविष्य निर्माण में सबसे अहम बताया और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के जरिए भारत को वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देश के विकास में महिलाओं को अग्रणी भूमिका देने का सबसे प्रभावी उपाय यह है कि बेटियों को सर्वोत्तम शिक्षा दी जाए। राष्ट्रपति ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हाल के वर्षों में उच्च शिक्षा के दाखिले में बालिकाओं की संख्या बढ़ी है।

*******************

शिक्षक दिवस पर राज्यभर में कई कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अवसर पर रांची में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें सिमडेगा जिले के तीन शिक्षकों सुनील कुमार गुप्ता, अनिल कुमार और पंकज कुजूर समेत अन्य शिक्षकों को सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। हजारीबाग में शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद मनीष जायसवाल ने एक सौ से अधिक शिक्षकों को सम्मानित किया।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के एक अंग्रेजी अख़बार में छपे लेख को साझा किया। इस लेख में श्री प्रधान ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को आत्मनिर्भरता और विकास के यात्रा की धुरी बतायी है। श्री प्रधान ने कहा कि आज शिक्षक प्रधानमंत्री ई–विद्या, दीक्षा और स्वयम का उपयोग कर डिजिटल कक्षाओं, यांत्रिक मेधा, बदलते पाठ्यक्रम और विविध शिक्षा आवश्यकताओं को तेज़ी से अपना रहे हैं।

*******************

झारखंड राज्य वित्त रहित शिक्षा संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने अपनी मांगों को लेकर आज राजभवन के समक्ष धरना दिया। उनकी मांगों में अनुदान राशि में पचहत्तर प्रतिशत की वृद्धि और राज्य कर्मी का दर्जा देना शामिल है। मोर्चा के सदस्यों ने बताया कि राज्य सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं करती है तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

*******************

मुख्य सचिव अलका तिवारी ने आज दुमका दौरे के क्रम में शिक्षा विभाग की पत्रिका 'सालूक' का विमोचन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि "बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को बढ़ावा दिया जाए तथा पत्रिका में उपयोगी ज्ञान शामिल किया जाये, जो प्रतियोगी परीक्षा के लिए सहायक होगा। इससे पहले मुख्य सचिव ने "शिकारीपाड़ा प्रखंड स्थित मंदिरों के गांव मलूटी का भ्रमण किया।

*******************

धनबाद जिले के कतरास स्थित बीसीसीएल के एरिया नम्बर चार में आज भू–धसान का मामला सामने आया है। यह घटना उस समय घटी जब एक आउटसोर्सिंग कंपनी की सर्विस वाहन करीब चार सौ फीट गहरी खाई में जा गिरी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सर्विस वाहन पर सवार एक मजदूर का शव बरामद कर लिया गया है, जबकि छह मजदूर अभी भी लापता हैं। घटना के बाद बीसीसीएल के अधिकारी और सुरक्षा विभाग की टीम राहत और बचाव कार्य में जुटी है। प्रारंभिक जांच में यह पता चला है कि आउटसोर्सिंग कंपनी कोयला खनन के दौरान खदान सुरक्षा के नियमों का पालन नहीं किया, जिससे यह घटना घटी।

*******************

पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र के केदल गांव में बुधवार को उग्रवादियों से लोहा लेते हुए शहीद हुए जिला पुलिस के जवान सुनील राम की आज उनके पैतृक गांव परता में राजकीय सम्मान के साथ अंत्येष्टि की गई। अंतिम संस्कार में विधायक संजय कुमार सिंह यादव, एसपी अभियान राकेश कुमार और पुलिस पदाधिकारियों के अलावा कई जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

*******************

जीएसटी दरों में कटौती का राज्य के लोगों ने स्वागत किया है। राज्यसभा सांसद डॉ0 प्रदीप वर्मा ने कहा है कि जीएसटी की दरों में कटौती प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बड़ा तोहफा है।

साहिबगंज के लोगों ने भी जीएसटी दरों में कटौती का स्वागत किया है। छात्र अभिज्ञान ओझा ने आकाशवाणी को बताया कि जीएसटी दरों में कटौती से विद्यार्थियों के लिए स्टेशनरी सस्ती हो गई है।

साहिबगंज चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने कहा कि जीएसटी सुधारों से रोज़मर्रा की चीज़ें खरीदना आसान होगा।

*******************

सरायकेला–खरसावां जिले की पुलिस ने आदित्यपुर थानाक्षेत्र से चार अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक व्यक्ति को जान से मारने की धमकी दिये जाने के आरोप में इन अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

*******************

आदि कर्मयोगी अभियान को सफल बनाने को लेकर जामताड़ा जिले के चयनित तीस मास्टर ट्रेनरों को तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

*******************

राजधानी रांची समेत राज्यभर में आज ईद मिलाद–उन–नबी का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान जगह जगह अकीदतमंदों द्वारा जुलूस निकाला गया और नमाज अदा कर पैगंबर मोहम्मद के जन्मदिन को मनाया गया। राजधानी रांची, पाकुड़, सरायकेला–खरसावां, पलामू, लोहरदगा, खूंटी और बोकारो समेत सभी जिलों में जुलूस निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम धर्मावलंबी शामिल हुए।

***************